भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2929

दिनांक 13-12-2005/ 22 अग्रहायण, 1927 (शक) को उत्तर के लिए

हिन्दी भाषा को बढ़ावा देना

2929. श्री सुनिल कुमार महतो:
श्री हरिकेवल प्रसाद:
श्री राकेश सिंह:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार सरकारी कामकाज में हिन्दी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है;

(ग) क्या राजभाषा विभाग कम्प्यूटरों के लिए देवनागरी लिपि पर एक साफ्टवेयर का विकास कर रहा है;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या प्रगति की गई है; और

(ङ) इस साफ्टवेयर को लोकप्रिय बनाने के लिए क्या कदम उठाने का विचार है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री माणिकराव गावीत)

(क): जी, हां।

(ख): इस संबंध में जानकारी अनुलग्नक-I में दी गई है।

(ग): जी, नहीं।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

(ङ): प्रश्न नहीं उठता।

*****

13.12.2005 को उत्तर के लिए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 2929 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक -I

सरकारी कामकाज में हिन्दी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम

1. राजभाषा विभाग, केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए हिन्दी भाषा, हिन्दी आशुलिपि, हिन्दी टाइपिंग तथा अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद के प्रशिक्षण का प्रबन्ध करता है।
2. राजभाषा के सम्बध में विभिन्न समितियों की बैठकें बुलाना तथा कार्यशालाएं, संगोष्ठियां आयोजित करना।
3. राजभाषा से सम्बन्धित विभिन्न प्रकाशनों तथा प्रचार सामग्री का प्रकाशन तथा वितरण।
4. वार्षिक कार्यक्रम का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना।
5. तिमाही रिपोर्टों के जरिए केन्द्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी प्रयोग की मानीटरिंग करना।
6. विभिन्न प्रोत्साहन/पुरस्कार योजनाओं इत्यादि का कार्यान्वयन।